सृजन एक सोच आरोग्य मोबाइल वैन से ग्रामीणों का निशुल्क इलाज

संवाद सूत्र डे टुडे इंडिया

घाटमपुर कानपुर नगर। घाटमपुर तहसील के समुही,असवारमऊ गांवों में शुक्रवार निशुल्क सृजन आरोग्य वैन द्वारा ग्रामीणों का निशुल्क इलाज किया गया.शुक्रवार को असवारमऊ,समुही में 100 लोगों उचित परामर्श एवं दवाएं वितरित की गई. इस मौके पर प्रधान समुही, प्रधान असवारमऊ महावीर निषाद, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपेश प्रजापति, मंडल कोषाध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी हिमांशु प्रजापति, सृजन एक सोच से बाराबंकी इंचार्ज ब्रजेश द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे. संस्था द्वारा शनिवार को भी सृजन आरोग्य वैन से समुही पंचायत के भटपुरवा के ग्रामीणों का परामर्श एवं चिकित्सा सुविधा दी गयी।.